# शिक्षकों के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रशिक्षण शुरू

- डिजिटल प्रशिक्षण लेकर शिक्षक संस्थानों में प्रभावी तरीके से दे सकेंगे योगदान : सिन्हा
- सी-डैक पटना के निदेशक ने कहा, संपूर्ण भारत के शिक्षकों को लेना चाहिए प्रशिक्षण

जागरण संवाददाता, देहरादून : वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) में शिक्षकों के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं साइबर सिक्योरिटी का प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार से प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण कार्यशाला में सेंटर फार डेवलपमेंट आफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग (सी-डैक) पटना के निदेशक आदित्य कुमार सिन्हा ने संपूर्ण भारत के शिक्षकों को इन महत्वपूर्ण क्षेत्रों में प्रशिक्षण लेने का आह्वान किया। कहा कि प्रशिक्षित शिक्षक डिजिटल दुनिया में सुरक्षित और प्रभावी तरीके से संस्थानों में अपना योगदान दे सकेंगे।

झाझरा स्थित यूटीयू के परिसर में एक सप्ताह का फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में डिजिटल ट्रांसफार्मेशन और साइबर सुरक्षा पर विशेषज्ञों ने विचार साझा किए। विवि के कुलपति प्रोफेसर ओंकार सिंह ने कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और साइबर सुरक्षा जैसे आधुनिक तकनीकी क्षेत्रों के महत्व पर जोर दिया। राज्य के सभी शिक्षकों को इस प्रकार के तकनीकी प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कहा कि वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड तकनीकी विवि में अगले एक सप्ताह का फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का शिक्षक लाभ उठाएंगे।

कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को डिजिटल तकनीकी और साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में नई दिशा और ज्ञान प्रदान करना है। विवि के एकेडेमिक स्टाफ डेवलपमेंट सेंटर और इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी गोपेश्वर के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम सी-डैक पटना के वरिष्ठ वैज्ञानिकों ने डिजिटल ट्रांसफार्मेशन पर विशेष व्याख्यान दिए। कार्यशाला में इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी गोपेश्वर के निदेशक डा. अमित अग्रवाल ने एआइ के बदलते परिवेश के अनुभव साझा किए। कार्यशाला के समन्वयक डा. संदीप सिंह नेगी एवं 72 शिक्षकों ने भी उपस्थिति दर्ज की।


**Garhwal Mandal Vikas Nigam Limited (GMVN)**
(A Govt. of Uttarakhand Undertaking)
74/1, Rajpur Road, Dehradun - 248001 (Uttarakhand)
CIN U31101UR1976SGC004259
Phone: 0135-2746817, E-Mail: marketing.gmvnltd@gmail.com

**E-TENDER NOTICE**

**TENDER REF: 629 /E.PRO-MKT. SEPRATE TENDER FOR LPG HOSE PIPE/NON FUEL ITEM & HOT PLATE 2025-26 DATED: 17.03.2025**

Separate E-tenders are invited from supplier/Manufacturer of various types of (1) Supply of Non Fuel Items **(Gas Lighter, Apron, Trolley (PP), Portable LPG Cook top stove)** and (2) Supply of LPG Hose Pipes (General & PMUY Category) (3) Supply of Hot Plate (General & PMUY Category) recommended by I.O.C.L/ H.P.C.L /B.P.C.L portal in bulk. The tenders shall only be submitted by the manufacturers or through their authorized distributors, who has registered in GSTN/Samadhan portal. Non fuel Items/Suraksha Hoses Pipes shall confirm to B.I.S. Code qualifying the terms as mentioned in the separate tender document. Detailed terms and conditions are mentioned in Tender document, which can be downloaded from the websites **www.uktenders.gov.in.** and **www.gmvnonline.com** The Tender procedure will be through Electronic tendering system on the website **www.uktenders.gov.in** the applicant must have Digital signature to participate in Electronic Tendering system. Cost of each Tender Document @ Rs.1180/- (inclusive of GST) last date of submitting the tender is 16.04.2025.

**General Manager (Marketing)**